**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।**

**मासिक आख्या जनवरी, 2023**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 फरवरी, 2023**

**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा शीताकल में नियमित रूप से निगरानी/समन्वय कर जनपद अन्तर्गत** शीतलहर/ठण्ड बढ़ने के दृष्टिगत आम जनमानस की सुविधा हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त मात्रा मे अलाव जलाने एंव रैन बसेरे की सुव्यवस्थित व्यवस्था करवायी गयी तथा गरीब आदि जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करवाये गये।











*दिनांक 03.01.2023 को जनपद मुख्यालय पर 14 से 25 जनवरी, 2023 तक आयोजित माघ मेले के सम्बन्ध में* आहूत बैठक में प्रतिभाग किया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्था की गयी तथां माघ मेले में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी आवश्यक तैयारियों मेले में जनपद के समस्त क्षेत्रों से स्थानीय लोगों का आवागमन जनपद मुख्यालय होने के कारण भीड़ नियंत्रण एवं जोशियाडा से उत्तरकाशी को जोड़ने वाले जोशियाडा/इन्द्रावती झूला एवं आम–जनमानस की सुरक्षा हेतु भीड़ नियंत्रित हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय किया गया।

**दिनांक 03.1.2023 को तहसील बडकोट के ग्राम पिंडकी में श्री जय सिंह पुत्र श्री रमेश सिंह के आवासीय** भवन में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल फायर सर्विस/पुलिस/राजस्व टीम को घटना की सूचना से अवगत कराते हुये त्वरित गति से आग पर काबू किया गया। उक्त स्थान पर दो आवासीय भवनों पर आग लगी थी भवन स्वामियों का खाद्यान्न कपड़े बिस्तर आदि जलकर नष्ट हुये किसी प्रकार की कोई जनहानि/पशुहानि की कोई सूचना नही है।

**दिनांक 08.01.2023 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्व उप निरीक्षकों/लेखपाल की परीक्षा आयोजित की** गयी। उक्त के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को परीक्षा कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। कन्ट्रोल रूम द्वारा तैनात सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों से परीक्षा पत्र प्राप्ति एवं परीक्षा समाप्ति तक सम्पर्क कपर सूचना प्राप्त कर निगरानी की गयी। उच्चाधिकारियों को उक्त की सूचना से अवगत कराया गया।

**दिनांक 08.01.2023 को प्रातः समय लगभग 05:15 बजे तहसील भटवाडी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भंकोली में एक** आवासीय मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा फायर सर्विस/पुलिस/राजस्व टीम को मय उपकारणें सहित घटना सथल हेतु रवाना की गयी। उक्त टीम एवं एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। उक्त भवन मे घरेलू सामान बिस्तर,कपड़े आदि जल कर नष्ट हुये अन्य किसी प्रकार की कोई जनहानि–पशुहानि नही हुई है। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा रेडक्रास के सहयोग से त्वरित कार्यवाही दल के माध्यम से प्रभावित परिवार को आवश्यक घरेलू सामग्री वितरित की गयी। उप जिलाधिकारी, भटवाडी द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर आवश्यक राहत सामग्री वितरित की गयी।











**दिनांक 07.01.2023 को एक व्यक्ति साहब सिंह रावत निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी उत्तरकाशी के द्वारा** केदार घाट नदी के समीप से बहने की सूचना प्राप्त हुई । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा यू0जे0वी0एन.एल से समन्वय कर झील का पानी कम कराते हुये आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 टीम, एस0डी0आर0एफ0 एंव पुलिस द्वारा दिनांक 07.01.2023, 08.01.2023 एंव 14.01.2023 को जोशियाडा झील में तेनाती कर उक्त व्यक्ति की खोज–बीन की गयी। परंतु लापता व्यक्ति का कही पता नही चल पाया।






**दिनांक 09.01.2023 को समय लगभग रात्रि 8:00 बजे को तहसील बडकोट के बर्नीगाड के पास एक मोटर** साईकिल दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व टीम/पुलिस/108 एम्बुलेंस को सूचना से अवगत कराते हुये उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में 02 व्यक्ति सवार थे उक्त घायलों को उपचार हेतु सी0एच0सी0 नौगांव लाया गया। जिन्हे उपचार के बाद देहरादून रेफर किया गया।

**दिनांक 13.1.2023 को समय प्रातः 2:12 बजे जनपद उत्तरकाशी के तहसील भटवाडी/डुण्डा** चिन्यालीसौड़/बडकोट/पुरोला एवं मोरी क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के झटके महसूस नहीं किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।




**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :-</u>**

- भूकम्प का परिमाण – 2.9 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude – $30.84^{o}$ N
- देशान्तर/Longitude – $78.14^{0}$ E
- समय– 02:12:10 AM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – तहसील पुरोला ग्राम पाणी गांव (बगोरी फील्ड) की ओर था।

**दिनांक 14.01.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग झाला से गंगोत्री तक बर्फवारी होने के कारण अवरुद्व है** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित विभाग से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 01 डोजर, 01 पोकलेण्ड, 01 जे0सी0बी0 एंव 01 व्हील लोडर मशीनरी एंव मजदूरों द्वारा मार्ग को सुचारु किया गया।





**दिनांक 17.01.2023 को समय प्रातः 8:04 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पनेथ कल्याणी के बीच अचानक** होटल के पास पेड़ गिरने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा रानी कन्ट्रक्सन एंव सम्बन्धित अधिकारी एंव कर्मचारी से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:42 बजे सुचारु किया गया।




**दिनांक 20.01.2023 को प्रातः 8:00 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग झाला से गंगोत्री तक मार्ग बर्फवारी होने** के कारण बाधित हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 03 व्हील लोडर एंव 01जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा मार्ग को दोपहर 1:30 बजे तक सुचारु किया गया।




**दिनांक 20.01.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राड़ी टॉप एंव फूलचाट्टी से आगे बर्फवारी होने के** कारण मार्ग यातायात हेतु अवरुद्व हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव समबन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 01 जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा मार्ग को दोपहर 1:42 बजे सुचारु किया गया।











**दिनांक 20.01.22023 को भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक से 23.01.2023 तक जनपद में** कहीं–कहीं हल्की से हल्की वर्षा/बर्फवारी/गर्जन के साथ वर्षा होने की सम्भावना एंव 24.01.2023 को कहीं–कहीं भारी वर्षा/ बर्फवारी होने की सम्भावना व्यक्त की गयी थी। उक्त के दृष्टिगत जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा सम्बन्धित रेखीय विभागों एवं अन्य खोज–बचाव दलों को सर्तक रहते हुये । आम–जमनानस को वॉट्एप आदि के माध्यम से जानकारी दी गयी।





**दिनांक 21.01.2023 को प्रातः 8:30 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग झाला से गंगोत्री तक मार्ग बर्फवारी होने** के कारण बाधित हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 03 व्हील लोडर एंव 01जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा मार्ग को दोपहर 2:42 बजे तक सुचारु किया गया।





**दिनांक 21.01.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग फूलचाट्टी से जानकीचट्टी तक बर्फवारी होने के कारण** मार्ग यातायात हेतु अवरुद्व हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा लोक निर्माण बडकोट एंव सम्बन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को दोपहर 12:00 बजे सुचारु किया गया।





दिनांक 24.01.2023 को आगामी चारधाम यात्रा–2023 की तैयारियो/व्यवस्थाओ के सम्बन्ध के सम्बन्ध में आहूत बैठक में आवश्यक व्यवस्था एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा समन्वय कर बैठक में प्रतिभाग किया गया। बैठक में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही की गयी।



**दिनांक 26.01.2021 को दृष्टिगत 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जनपद में** गणंत्रण दिवस मनाया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी द्वारा गणंत्रण दिवस के अवसर पर जनपद अन्तर्गत आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पुलिस लाईन, ज्ञानसू मे जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तरकाशी द्वारा त्वरित कार्यवाही वाहन को झांकी के रुप में तैयार कर आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उपकरणों एवं कर्मियों सहित परेड में प्रतिभाग किया गया।








**दिनांक 26.01.2021 को दृष्टिगत 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जनपद के कार्यालयों के** रख–रखाव एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में प्रतियोगिता अयोजित की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय के रख–रखाव एवं साफ–सफाई हेतु जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया है। उक्त के दृष्टिगत पुलिस लाईन में मुख्य अतिथि द्वारा आपदा प्रबन्धन अधिकारी को सम्मानित किया गया।



**दिनांक 30.01.2023 को प्रातः 7:45 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सोनगढ से गंगोत्री तक मार्ग बर्फवारी** होने के कारण बाधित हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 02 व्हील लोडर एंव 02जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा मार्ग को दोपहर 2:42 बजे तक सुचारु किया गया। इसके अतिरिक्त उक्त स्थानो पर चूना व नमक डाला गया





**दिनांक 30.01.2023 को समय प्रातः 9:34 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरानी के पास बोल्डर आने के** कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारी एंव कार्मचारी से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 01 व्हील लोडर द्वारा मार्ग को प्रातः 10:30 बजे सुचारु किया गया।




**दिनांक 30.01.2023 को प्रातः 10:56 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बन्दरकोट के पास मलवा/पत्थर आने** के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी एंव कार्मचारी द्वारा मार्ग को प्रातः 10:41 बजे सुचारु किया गया।







**दिनांक 30.01.2023 को प्रातः 10:36 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राडी टॉप के पास बर्फवारी होने कारण** बाधित हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव अन्य सम्बन्धित को सूचना से अवगत कराते हुए मार्ग को दोपहर 12:12 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 30.01.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के पास मलवा/पत्थर आने के कारण अवरुद्व** हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के द्वारा सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर मार्ग को दोपहर 2:00 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 31.01.2023 को तहसील बडकोट के अंतर्गत ग्राम राना में शॉर्ट सर्किट होने के कारण एक मकान** पर आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र होते ही जिलाधिकारी बडकोट, तहसीलदार बडकोट, फायर सर्विस एंव राजस्व टीम को सूचना से अवगत कराया गया। आग को पूर्ण रुप से काबू किया गया जिसमें किसी प्रकार की कोई भी जनहानि–पशूहानि नही हुयी।






**दिनांक 31.01.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्की टॉप से आगे एंव यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राडी** टॉप के पास पाला/बर्फ होने के कारण उक्त स्थान पर चूना/नमक का छिडकाव किया गया।






**डॉ रघुनन्दन सिंह टोलिया, उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के पत्र संख्या–1787/VII/524/** DMC/2022–23 दिनांक 04 जनवरी, 2023 के द्वारा डा0 आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान गृह मंत्रालय भरत सरकार द्वारा " Capacity Building Disaster Risk Reduction विषयक पर 02 दिवसीय Outreach प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प0 दीनदयाल उपाध्याय सेन्टर फॉर ट्रेनिंग एण्ड0 रिसर्च इन फाईनैन्शन एडमिनिस्ट्रेशन, सुद्धोवाला, देहरादून में दिनांक 30 से 31 जनवरी, 2023 तक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबन्धन सहित जनपद के अन्य अधिकारियों को प्रतिभाग करवाया गया।

**कतिपय समाचार पत्रों के द्वारा भी जोशीमठ भू–धंसाव आपदा के मध्यनजर सुरक्षा के दृष्टिगत** तहसील बडकोट के ग्राम बाडिया एवं ग्राम मस्तारी का भू–वैज्ञानिक से सर्वेक्षण करवाया गया।

**दिनांक 04.10.2022 डोकरानी बामक ग्लेशियर में घटित हिमस्खलन के कारण मृतक/घायल लोगों को Prime** Minister's National Relief Fund अन्तर्गत आवश्यक सहायता प्रदान किये जाने हेतु घटना में मृतक/घायल पर्वतारोही प्रशिक्षक/प्रशिक्षणार्थियों सम्बन्धित विवरण NDMIS पोर्टल पर अपडेट कर सूचना प्रेषित कर धनराशि सम्बन्धित के वारिसान को उपलब्ध करायी गयी है। इसके अतिरिक्त लापता 02 व्यक्तियों, लेफि्टनेट कर्नल दीपक वशिष्ठ एवं श्री विनय कुमार के परिजनों को मृत्योपरांत लाभ प्रदान किये जाने हेतु डेथ नोटिफिकेशन जारी कर मजिस्ट्रज जांच की गयी है। उक्त जांच के अनुसार गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक दिनांक 16.01.2023 एवं उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–1745/USDMA/XIV.569 (2017) दिनांक 16 जनवरी, 2023 के द्वारा उक्त लापता 02 लोगों लेफि्टनेट कर्नल दीपक वशिष्ठ एवं श्री विनय कुमार को मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण जारी कर परिजनों को आवश्यक सहायता धनराशि वितरित किये जाने हेतु प्रेषित किया गया।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चतुर्थ प्रशिक्षण–दिनांक–03.01.2023 से दिनांक 14.01.2023**

दिनांक– 03.01.2023 से दिनांक– 14.01.2023 तक NIM में संचालित चतुर्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्व सम्पंन हो गया है। उक्त प्रशिक्षण में दिनांक 03 एवं 04.01.2023 को नेहरू पर्वातारोहण संस्थान में कुल 161 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उपस्थिति दर्ज कराकर पंजीकरण किया गया, जिसमें दिनांक 04 से 09.01.2023 तक 06 (देहरादून–01, पौडी–02, टिहरी गढ़वाल–02, चमोली–01) आपदा मित्र स्वास्थ्यगत एवं अन्य निजी कारणों से प्रशिक्षण छोडकर वापस चले गये। उक्त के उपरान्त निम्न विवरणानुसार कुल 155 आपदा मित्र स्वयंसेवकों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण किया गया।

| Batch Number | No. of volunteers to be trained/present Trainees | Emergency Response kit (ERK) provided or not | Missing Items in kit, if any | Items received is according to Specification or not | Traveling expenses given to trainees or not by NIM (Per Person) |
|---|---|---|---|---|---|
| **3 (03-01-2023 to 14-01-2023)** | **1-Dehradun-27** (Male-24 Female-03)<br>**2-Pauri Garhwal-33** (Male-19 Female-14)<br>**3- Tehri Garhwal-26** (Male-25 Female-01)<br>**4-Chamoli-25** (Male-24 Female-01)<br>**5-Nainital-21** (Male-21 Female-00)<br>**6- Almora-23** (Male-17 Female-06)<br>**Total-155 (Male-130 Female-25)** | **Not provided** | NA | NA | **1- Dehradun- 1000.00**<br>**2-Pauri Garhwal-1500.00**<br>**3-Tehri Garhwal-1000.00**<br>**4-Chamoli- 2500.00**<br>**5-Nainital- 2520.00**<br>**6- Almora- 2660.00** |

**प्रशिक्षण का अनुश्रवण–** जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा NIM में संचालित उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियमित अनुश्रवण किया गया। दिनांक 04.01.2023 को मास्टर ट्रेनर द्वारा नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में उपस्थित रहकर प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक सहयोग/समन्वय किया गया। दिनांक 13.01.2023 को प्रातः उप जिलाधिकारी, भटवाडी द्वारा उक्त प्रशिक्षण का प्रयवेक्षण/सम्बोधन किया गया। उक्त तिथि को सांय आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी दी गयी तथा प्रशिक्षण का फील्ड निरीक्षण भी किया गया। दिनांक 13.01.2023 को प्रशिक्षण के समापन समारोह पर प्रशिक्षणार्थियों को राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किराये की धनराशि का मास्टर ट्रेनर एवं NIM के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया।




## पंचम प्रशिक्षण–दिनांक–15.01.2023 से दिनांक 26.01.2023

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक– 15.1.2023 से दिनांक– 26.1.2023 तक NIM में संचालित पंचम प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्व सम्पंन हुआ हैं। उक्त प्रशिक्षण में निम्न विवरणानुसार कुल 135 आपदा मित्र स्वयंसेवकों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण किया गया।

| Batch Number | No. of volunteers to be trained/present Trainees | Emergency Response kit (ERK) provided or not | Missing Items in kit, if any | Items received is according to Specification or not | Traveling expenses given to trainees or not by NIM (Per Person) |
|---|---|---|---|---|---|
| **5 (15-1-2023 to 26-1-2023)** | **1-Dehradun-38** (Male- 38 Female-0) **2-Pauri Garhwal-17** (Male-05 Female-12) **3- Tehri Garhwal-26** (Male-25 Female-1) **4-Pithoragadh -16** (Male-11Female-05) **5-Nainital-38** (Male-31 Female-07) **Total-135 (Male-110 Female-25)** | **Not provided** | NA | NA | **1- Dehradun- 1000.00** **2-Pauri Garhwal-1500.00** **3-Tehri Garhwal-1000.00** **4-Pithoradadh- 5000.00** **5-Nainital- 2520.00** |

**प्रशिक्षण का अनुश्रवण**–जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा NIM में संचालित उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियमित अनुश्रवण किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में समय–समय पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक सहयोग/समन्वय किया गया। दिनांक 17.01.2023 को आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी दी गयी तथा प्रशिक्षण का फील्ड निरीक्षण भी किया गया। दिनांक 25. 01.2023 को प्रशिक्षण के समापन समारोह पर प्रशिक्षणार्थियों को राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किराये की धनराशि का मास्टर ट्रेनर एवं NIM के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया तथा आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का फीडबैक लिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रशिक्षाथियों को सम्बोधित किया गया। प्रशिक्षार्थियों को पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार बैच लगाकर सम्मानित किया गया।










**आपदा मित्र किट (E.R.K.)**–

दिनांक 25.12.2022 तक मै0 डिफेन्स इक्यूपर्स, देहरादून एवं NIM से जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को आपदा मित्र किट के निम्न सामग्री उपलब्ध करायी गयी है–

1. **रूक सैक– 117 नग**
2. **जूते– 150 (जोड़ी)**
3. **लाईटर– 150 नग**
4. **ट्रेकसूट– 150नग**
5. **गोग्लस– 150 नग**

**प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया**–प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान द्वारा प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध कराये गये आवासीय सुविधा/भोजन आदि व्यवस्था की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुये प्रशिक्षण को उपयोगी बताया गया। साथ ही पूर्ण प्रशिक्षण किट/हस्त पुस्तिका प्रशिक्षण के समय उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया।

**छटवॉ प्रशिक्षण–दिनांक–27.01.2023 से दिनांक 07.02.2022**

दिनांक– 27.01.2023 से दिनांक– 07.02.2023 तक NIM में छटवॉ आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण संचालित है। उक्त प्रशिक्षण में दिनांक 29.01.2023 तक कुल 157 आपदा मित्र स्वयंसेवकों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया जा रहा है। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त प्रशिक्षण के सम्बन्ध में NIM से समन्वय किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त समय–समय पर अन्य बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया ।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः**– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।